**खबर संक्षेप**

### उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को दिया क्लेम भुगतान आदेश

**यमुनानगर।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया है कि वह मृतक पॉलिसीधारक की पत्नी को 49 लाख 56 हजार 140 रुपये के बीमा दावे का भुगतान करे। इसके साथ ही, कंपनी को मानसिक प्रताड़ना और कानूनी खर्च के रूप में 11 हजार रुपये अतिरिक्त देने होंगे। जानकारी के अनुसार सुप्रिया शर्मा ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति सुशील कुमार शर्मा ने नवंबर 2019 में 50 लाख रुपये की जिंदगी प्लस जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। जब सुप्रिया शर्मा ने बीमा दावे के लिए आवेदन किया तो कंपनी ने इसे यह कहकर खारिज कर दिया कि उनके पति ने पॉलिसी लेते समय अपनी पुरानी बीमारी की जानकारी छुपाई थी। आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया, तो कंपनी को शिकायत दर्ज करने की तिथि से वास्तविक भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

### युवक पर लगाया बहला फुसला कर दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने युवक पर उसे बहला फुसलाकर करीब नौ साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 31 वर्षीय महिला ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अनुज नामक युवक के साथ 2017 से जान पहचान थी। पीड़िता ने बताया कि एक जनवरी 2017 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उससे मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ति ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी 2026 तक डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

### टेक्सटाइल क्षेत्र में करियर बनाएं विद्यार्थी : डॉ गुप्ता

**पानीपत।** आर्य पीजी कालेज के बी.वोक टेक्सटाइल एवं फैशन डिजाइनिंग और होम साइंस विभाग द्वारा शनिवार को छठें सिनर्जिक-2026 फैशन शो एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। वहीं, कालेज में फैशन, सृजनात्मकता और तकनीकी कौशल के अद्भुत समन्वय को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य कालेज प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला ने शिरकत की। वहीं, प्राचार्य गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा का जीता जागता प्रमाण है।

### शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी :आलम

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल पीजी कॉलेज गांव सिवाह में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह, फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत रिफाइनरी से शहजाद आलम आईआईटी खरगपुर से अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। आलम ने छात्राओं से शिक्षित हो आत्मनिर्भर बन देश की सेवा करने का आह्वान किया।

## कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को दिया पूर्ण समर्थन

# मंडियों में आ रही समस्याओं पर किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

भाकियू (टिकैत) के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने जिला सचिवालय के समक्ष मार्ग पर लगाया जाम, प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने अनाज मंडियों में गेहूं बेचने के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर शनिवार को जिला सचिवालय के समक्ष मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया और जाम लगाकर यातायात को ठप कर दिया। मौके पर अधिकारियों ने पहुंचकर किसी तरह यातायात को सुचारू करवाया। इस दौरान किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुभाषर्ष गुर्जर के नेतृत्व में जिले के सैंकड़ो किसान जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने जिला सचिवालय के समक्ष मार्ग पर जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस ने पहुंचकर यातायात को सुचारू करवाया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमन त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को अपना समर्थन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रमन त्यागी ने कहा कि भाजपा ना तो नियम बदलेगी और ना बदलाव करेगी। इसलिए हम सबको इकट्ठे होकर बदलाव लाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनाज मंडियों में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। खासकर बायोमीट्रिक प्रणाली में आ रही तकनीकी खामियों के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद उनकी बारी नहीं आ पा रही है। रमन त्यागी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। जिसके चलते उन्हें सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करे। अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### गेहूं खरीद के लिए किसानों पर लगाई जा रही शर्तें : सुभाष गुर्जर

मौके पर भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि आजकल गेहूं की कटाई जोरों पर है। मगर अनाज मंडियों में किसानों की गेहूं खरीदने के दौरान अनेकों शर्तें लगाई जा रही हैं। अनाज मंडियों में कहीं गेट पास तो कहीं नमी की मात्रा को लेकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ किसान पर मौसम की मार पड़ रही है। वहीं, दूसरी तरफ अनाज मंडियों में गेहूं में नमी की मात्रा अधिक बताकर उसे खरीदने से मना किया जा रहा है। आलम यह है कि किसानों को अपनी गेहूं को बेचने के लिए कई कई दिन अनाज मंडियों में रहना पड़ रहा है। जिसे किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज पूरे प्रदेश में किसान भाजपा सरकार की नई नीतियों कें कारण परेशानियों को सामना कर रहा है। फसल बेचते समय किसानों को गेट पास समेत अन्य फिजूल प्रक्रियाओं में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार लगातार किसानों की परेशानी बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार से किसानों की गेहूं को मंडी में पहुंचते ही खरीदे जाने की मांग की।

## स्वच्छता में वार्ड समितियां निभाएं भागीदारीः बहमनी


**यमुनानगर।** वार्ड समितियों की बैठक को संबोधित करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

- निगम कार्यालय में हुई वार्ड समितियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा निगम कार्यालय में स्वच्छता जन भागिता अधिनियम 2008 के तहत गठित वार्ड समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने की। बैठक में वार्ड समितियों के अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों, समिति सदस्यों व निगम अधिकारियों ने भाग लिया।

मेयर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने सभी पार्षदों, वार्ड समिति सदस्यों एवं आमजन से अपने अपने वार्ड में स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाए जाने, लोगों को जागरूक करने व शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सभी मिलकर कार्य करेंगे तो स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में शहर को प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी अग्रणी स्थान दिलाया जा सकता है। निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने कहा कि समिति सदस्यों से अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, कचरा उठान, डोर टू डोर कलेक्शन, सार्वजनिक शौचालयों एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की नियमित निगरानी करने तथा समस्याओं की सूचना समय पर नगर निगम को दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता बढ़ाकर ही शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जा सकता है। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों एवं समिति सदस्यों ने भी अपने अपने सुझाव रखे और नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन ने पीपीटी के माध्यम से वार्ड समितियों के गठन, उनकी कार्यप्रणाली, संचालन, उद्देश्य, भूमिका एवं नागरिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व विनोद बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

## पीने के पानी के नलों पर निःशुल्क मीटर लगाएगा विभाग : नायक

- कस्बे में बिना मीटर के उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा छह महिने का बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


**रादौर।** पीने के पानी के नलों पर मीटर लगाने की जानकारी देते जलापूर्ति विभाग के एसडीओ रवि नायक।

जलापूर्ति विभाग रादौर कस्बा स्थित पीने के पानी के नलों पर निःशुल्क मीटर लगाएगा। ताकि पानी की बचत हो सके। उक्त जानकारी जलापूर्ति विभाग रादौर के एसडीओ रवि नायक ने दी।

एसडीओ रवि नायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की योजना के तहत रादौर में जल्द ही साढ़े चार हजार पीने के पानी के नलों पर विभाग की ओर से निःशुल्क मीटर लगाए जाएंगे। योजना की शुरूआत कस्बा के जाटनगर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कस्बा में बिना मीटर के उपभोक्ताओं से छह महीने का 720 रुपये बिल वसूला जा रहा है। मगर इसके बाद कस्बा में पीने के पानी के नलों पर मीटर लगने से उपभोक्ताओं से छह महीने का कुल 360 रुपये वसूला जाएगा। इससे जहां उपभोक्ताओं को बिलों में पैसे की बचत होगी। वहीं, मीटर लगने से पानी की भी बचत होगी। एसडीओ रवि नायक ने बताया कि अगले छह महीने के भीतर रादौर के सभी घरों में पीने के पानी के नलों पर मीटर लगा दिए जाएंगे। इसके लिए ठेकेदार को टेंडर दे दिया गया है। जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपने पीने के पानी के नलों पर मीटल लगवाए जाने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।



### सुखमणी साहिब का पाठ कर लोगों की सुख शांति की कामना

**रादौर।** गुरुद्वारा सिंह सभा रादौर में रोटरी क्लब वूमेन द्वारा सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन करवाया गया। सुखमणि साहिब पाठ में सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रोटरी क्लब वूमेन की प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि कशिश ककड़ के साथ आए रागी जत्थे ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। उन्होंने बताया कि क्लब की ओर से पहली बार बैसाखी पर्व के उपलक्ष में सुखमणी साहिब का पाठ करवाया गया है। सुखमणी साहिब का पाठ आयोजित कर अच्छी फसल की कामना की गई है। वहीं ईरान व इजराइल के बीच चल रहे युद्ध के जल्द समाप्त होने की कामना की गई। जिससे दुनिया में शांति हो सके। मौके पर पूनम चोपड़ा, दीपा चोपड़ा, वीणा चोपड़ा, मीनाक्षी, नीलम मेहता, परमजीत, साक्षी, अनीता झांब, खुशी कक्कड़, कमल सैनी, सुदेश शर्मा, कमलेश मिगलानी, पूनम अरोड़ा, निधि सेठी, रानी आहूजा, रिया आहूजा, नीलम आदि रहे।

## विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करें अधिकारी : अरोड़ा

- विधायक ने भगवानगढ़ में बन रहे बैडमिंटन कोर्ट समेत अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** गांव भगवानगढ़ में विकास कार्यों का निरीक्षण करते विधायक अरोड़ा।

भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रुप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं और करोड़ो रुपये के विकास कार्यों प्रगति पर है। उक्त बात सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शनिवार को गांव भगवान गढ़ में बन रहे बैडमिंटन कोर्ट, सामुदायिक केंद्र, सड़क का निरीक्षण करते हुए दी।

सिटी विधायक ने कहा कि सीएम नायब सैनी भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना उनकी विचारधारा की जीवंत अभिव्यक्ति है। राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला तथा समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में इस्तेमाल की जा रही सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए व सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। वह अपने यमुनानगर क्षेत्र में भाजपा सरकार के सौजन्य से करोड़ों रुपये के विकास कार्य लगातार करवा रहे हैं।

## खेतों में आग से निपटने के लिए रखें ट्रैक्टर वाला स्प्रे पंपः कुमार

- बिजली निगम रादौर के एसडीओ दीपांशु ने किसानों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गेहूं कटाई के दौरान चल रही तेज हवा के कारण किसी भी अप्रिय घटना से फसल को बचाने के लिए किसान अपने खेतों में पानी से भरकर ट्रैक्टर वाला स्प्रेपंप जरुर रखें। ताकि जरुरत पड़ने पर पानी से भरे स्प्रे पंप से फसल का बचाव किया जा सके। उक्त जानकारी बिजली निगम रादौर के एसडीओ दीपांशु ने बातचीत करते हुए दी।

बिजली निगम रादौर के एसडीओ दीपांशु कुमार ने क्षेत्र के सभी किसानो से अपील की है कि जिस किसी किसान के पास ट्रैक्टर वाला स्प्रें पंप है। वह अपने स्प्रें पंप को पानी का भरकर अपने खेत में खड़ा रखें। वहीं किसान अपने ट्यूबवैल को रोजाना पांच से सात मिनट चलाएं और अपने खेतों की नालियों में रोजाना पानी भरें। ताकि कहीं पर कोई आगजनी की घटना हो जाती है तो उस पर काबू पाया जा सके। किसान अपने खेत में खड़े ट्रांसफार्मर के साथ में जो गेहूं है उसे थोड़ा कच्चा ही काटकर ट्रांसफार्मर के आसपास कस्सी या फावड़े से निराई गुड़ाई कर दें। ताकि कोई चिंगारी वगैरह निकले तो वहां पर आगजनी ना हो सके।

## युवाओं को रोजगार मुहैया करवाना प्रशासन की प्राथमिकता : नगराधीश

- जिला शिक्षा आत्मनिर्भर कमेटी के सदस्यों की लघु सचिवालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** बैठक में दिशा निर्देश देते नगराधीष पीयूष गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

जिला शिक्षा आत्मनिर्भर कमेटी की बैठक का आयोजन लघु सचिवालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश पीयूष गुप्ता ने की। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को दिशा निर्देश दिए।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने जिले में स्थित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में रिक्त पड़ी सीटों की समीक्षा की। उन्होंने रिक्त पड़ी सीटों को शीघ्र भरने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों एवं संस्थानों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बैठक में अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने, उद्योगों एवं संस्थानों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार से जोड़ने के विषय में विस्तार से चर्चा की। मौके पर बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव सांझा किए।



### ज्योतिराव फूले ने दलितों व महिलाओं को दिलाया था शिक्षा का अधिकारः संदीप सैनी

**रादौर।** सैनी समाज रादौर द्वारा शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती कस्बा के खेड़ा मोहल्ला में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने भाग लिया। मौके पर गणमान्य लोगों ने महात्मा ज्योतिराव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि एवं सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि ज्योतिबा फुले सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने 19वीं सदी में महिलाओं और दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। पत्नी सावित्रीबाई फुले को पढ़ाकर देश की पहली महिला शिक्षिका बनाया। युवाओं ने फुले जी के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। सैनी समाज ने भारत सरकार से उनको भारत रत्न देने की मांग की।

## रोजगार मेले में आईटीआई के 250 युवाओं को किया शार्टलिस्ट

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाचरौन में हुआ रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**रादौर।** रोजगार मेले में मुख्यातिथि का स्वागत करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(आईटीआई) नाचरौन में जिला रोजगार विभाग के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई व अन्य व्यवसायों के करीब पांच सौ युवाओं ने साक्षात्कार दिया। मेले का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने किया। संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश कुमार व जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बुके भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ.अरुण कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में चंद्रपुर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड कांजनू, इस्जैक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड यमुनानगर, समाया हेल्थ सेंटर, लार्क इंजीनियरिंग प्राइवेट यमुनानगर, यूनिट एग्रो लिमिटेड धौड़ंग, एसआईएस यमुनानगर आदि कंपनियों ने पहुंचकर युवाओं का साक्षात्कार लिया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई समेत विभिन्न व्यावसायों के करीब 500 युवाओं ने भाग लिया। जिनमें से 250 प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतिष्ठानों के लिए शार्टलिस्ट किया गया।

### कक्षा में तनाव प्रबंधन व समावेशी वातावरण पर डाला प्रकाश

## छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य पर जागरुक होना जरूरीः गर्ग

मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रोत्साहित विषय पर हुआ क्षमता निर्माण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** क्षमता निर्माण कार्यक्रम में मुख्यवक्ताओं के साथ भाग लेते शिक्षक।

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शनिवार को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रोत्साहित विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला से विषय विशेषज्ञ जसजीत कौर व मुकंदलाल स्कूल यमुनानगर से साक्षी सिक्का ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ जसजीत कौर विद्यार्थियों में मानसिक तनाव के प्रारंभिक संकेतों की पहचान, कक्षा में तनाव प्रबंधन तथा एक समावेशी वातावरण के निर्माण पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना जरुरी है। वहीं, साक्षी सिक्का ने विद्यालय दिनचर्या में वेलनेस गतिविधियों को समाहित करने तथा विद्यार्थियों में आत्मबल एवं सहनशीलता विकसित करने के व्यावहारिक उपाय सांझा किए। मौके पर इंटरएक्टिव गतिविधियां एवं समूह चर्चाएं आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को समझने, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पूर्वाग्रहों को दूर करने तथा समग्र देखभाल दृष्टिकोण अपनाने की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्कूल स्टाफ सदस्यों व आयोजकों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना रहा।

